कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

भजन लाल योगी पुत्र किशनलाल योगी निवासी ग्राम बावडीखेडा पोस्ट हिंगोटा पं.स.बैजूपाडा तहसील मण्डावर जिला दौसा राज0 303315

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार मण्डावर जिला दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील संख्या 83/2021

निर्णय

दिनांक 24.11.2021

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार मण्डावर से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार मण्डावर जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार मण्डावर जिला दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार मण्डावर को पत्र कमांकःडीएम/ कोर्ट/2021/2589 दिनांक 25.10..2021 एवं स्मरण पत्र कमांकःडीएम/कोर्ट/2021/ 2669 दिनांक 15.11.2021 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। किन्तु लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार मण्डावर जिला दौसा की ओर से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को चाही गई सूचना/नकल उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार मण्डावर जिला दौसा को निर्देश दिये जाते हैं कि अपीलांट को वांछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलक्टर, दौसा